हमारे संयम ने दुनिया को बताया है कि उदयपुर में शांति कायम है और रहेगी: भट्ट

उदयपुर, (कासं)। संभागीय आयुक्त राजेन्द्र भट्ट ने कहा है कि एक जघन्य घटना के चंद दिनों के बाद ही जगन्नाथ रथयात्रा के भव्य व उत्साहपूर्ण आयोजन ने इस शहर के संयम और शांति की परंपरा को उद्घाटित किया है। हमारे इसी संयम ने

■ **इदुल अजहा के मद्देनजर हिन्दू संगठनों के प्रतिनिधियों की बैठक आयोजित**

उदयपुर में ईदुल अजहा पर्व को लेकर आयोजित बैठक को संबोधित करते संभागीय आयुक्त राजेन्द्र भट्ट, मंचासीन आईजी प्रफुल्ल कुमार व अन्य अधिकारी। बैठक में मौजूद हिंदू संगठनों के पदाधिकारी।

पूरी दुनिया को बताया है कि उदयपुर में शांति कायम है और रहेगी। संभागीय आयुक्त भट्ट शुक्रवार को जिला परिषद सभागार में आगामी रविवार को मनाए जाने वाले ईद उल अजहा त्यौहार के मध्यनजर आयोजित हिन्दू संगठनों के प्रतिनिधियों की बैठक का आयोजन कलेक्ट्रेट में किया गया।

बैठक में जिला परिषद सीईओ मयंक मनीष, आईपीएस कुंदन, एडीएम ओपी बुनकर, एएसपी चंद्रशील ठाकुर, उप महापौर पारस सिंघवी सहित पुलिस और प्रशासन के कई वरिष्ठ अधिकारी व बडी संख्या में हिंदू संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

संभागीय आयुक्त राजेंद्र भट्ट ने कहा कि उदयपुर शहर के धानमंडी थाना क्षेत्र में गत 28 जून को हुई दुखद घटना के अपराधियों को किसी भी हाल में बक्शा नहीं जाएगा। इसके अलावा जो भी व्यक्ति कानून व्यवस्था प्रभावित करेगा उस पर कडी कार्रवाई होगी। उन्होंने कहा कि पुलिस व प्रशासन हर व्यक्ति की समस्या को सुनने के लिए आधी रात को भी तैयार है।

संभागीय आयुक्त ने कहा कि उदयपुर की अर्थव्यवस्था पर्यटन पर आधारित है, ऐसे में हमें विश्व को सन्देश देना है कि उदयपुर में माहौल शांतिपूर्ण है, जिससे कि पर्यटक पुनः अच्छी संख्या में यहाँ आ पाएं और सबकी रोजी रोटी चल सके। आईजी प्रफुल्ल कुमार ने हिन्दू एवं विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए कहा कि युवा वर्ग बहुत जल्द आंदोलित हो जाता है, ऐसे में समाज के वरिष्ठ अनुभवी व्यक्तियों को चाहिए कि वे इन्हें उचित दिशा दें। उन्होंने सोशल मीडिया पर फैलने वाले भडकाऊ और भ्रामक सन्देश आगे फॉरवर्ड न करने एवं ऐसे संदेश की पुलिस को समय पर जानकारी देते हेतु कहा।

जिला कलेक्टर ताराचंद मीणा और एसपी विकास शर्मा ने हिन्दू संगठनों के प्रतिनिधियों से कहा कि उदयपुर शहर शांतिप्रिय शहर है एवं यहाँ हमेशा से भाईचारा और अमन रहा है, इसे कायम रखना सभी का कर्तव्य है। एक घट

बैठक में अधिकारियों ने हिन्दू संगठनों, सामाजिक एवं व्यापारिक संगठनों के प्रतिनिधियों से ईद उल अजहा के सम्बन्ध में आवश्यक बिन्दुओं पर शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के सन्दर्भ में चर्चा की। हिन्दू संगठनों ने भी उदयपुर में 28 जून को घटित दुखद घटना के बाद शहर और जिले में कानून व्यवस्था बनाए रखने हेतु प्रशासन का आभार व्यक्त किया। बैठक में संभागीय आयुक्त, आइजी, कलेक्टर, एसपी ने सभी संगठनों के प्रतिनिधियों से अपील कर कहा कि सोशल मीडिया के इस दौर में अभिव्यक्ति की आजादी का सही उपयोग जरुरी है। हम सभी को ऐसी अभिव्यक्ति करनी होगी, जिससे समाज में अशांति न फैले। उन्होंने किसी अन्य जगह की घटना के कारण हमारे जिले में कानून एवं शांति व्यवस्था प्रभावित हो ऐसा कार्य भी न करने की बात कही।

जनसंख्या स्थायित्व के क्षेत्र में बांसवाड़ा दूसरे स्थान पर

बांसवाड़ा, (निसं)। जनसंख्या स्थायित्व के क्षेत्र में बांसवाडा जिला राज्य में दूसरे स्थान पर रहा है। जिला कलक्टर प्रकाशचंद्र शर्मा के नेतृत्व में चिकित्सा विभाग के इस बेहतरिन कार्य पर चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग राजस्थान सरकार के सचिव डॉ. पृथ्वी ने प्रशंसा कर बधाई दी है। वहीं जिले के लिए दोहरी खुशी इस बात की है कि पीपीआईयूसीडी निवेशन में पहला स्थान मिला है।

जिला कलेक्टर प्रकाशचंद्र शर्मा ने बताया कि राज्य के मिशन परिवार विकास की श्रेणी में जिले को दूसरा स्थान प्राप्त हुआ हैं। चिकित्सा विभाग के इस उत्कृष्ट कार्य से राज्य के स्वास्थ्य सूचकों में अपेक्षित सुधार लाने का सहयोग मिलेगा। उन्होंने बताया कि विश्व जनसंख्या दिवस पर राज्यस्तरीय समारोह में मुख्य, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ एचएल ताबियार को सम्मानित किया जाएगा। वहीं बांसवाडा जिला पीपीआईयूसीडी में पहले स्थान पर रहा है। जयपुर में 11 तारीख को होने वाले समारोह में बांसवाडा की टीम को दो लाख रूपए और प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया जाएगा। इसके लिए अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ बीआर मीणा को आमंत्रित किया गया है।

fincare Small Finance Bank

Registered Office: 301-306, 3rd Floor, ABHIJEET -V, Opp. Mayor's Bungalow, Law Garden Road, Mithakhali, Ahmedabad - 380006, Gujarat. **www.fincarebank.com**

LOAN AGAINST GOLD - AUCTION NOTICE ON "AS IS WHERE IS" BASIS

The below mentioned borrower/s have been issued notices to pay their outstanding amounts towards the loan against gold facilities availed from Fincare Small Finance Bank Ltd ("Bank"). Since the borrower/s has/have failed to repay his/their dues, we are constrained to conduct an auction of pledged gold items/articles as per below schedule.

Loan Account no	Name of the borrower	Auction Venue	Auction Date
2166000499942	RAVI PRATAP SINGH	FINCARE SMALL FINANCE BANK LTD., GROUND FLOOR, 386-SHOPPING CENTER, GHODE WALE BABA CROSS ROAD, BESIDE SANCHIT TOWER, GUMANPURA ROAD, KOTA, RJ, 324007	20-07-2022
2166000499962			
2166000623931	GEETIKA HADA		
2166000625317	FAYAZUDDIN ANSARI		
2166000626075	VIKAS MEENA		
2166000490609	RAJESH KUMAR	FINCARE SMALL FINANCE BANK LTD., GROUND FLOOR, CHOPARA HOUSE, 27A/80- ADARSH SOCIETY GATE NUMBER 3, NEAR ITI CIRCLE, JODHPUR, RJ, 342001	20-07-2022
2166000508638			
2166000535726	KISHAN LAL		
2166000592777	AJAY PRAJAPAT		
2166000547823	MR. BHAVANI HARIJAN	FINCARE SMALL FINANCE BANK LTD., NEAR ASHIRVAD GARDEN SHANTI NATH COLONY, GROUND FLOOR BALAJI WAFERS BUILDING, UDAIPUR, RJ, 313027	20-07-2022
2166000548521	MR. GOVIND SINGH RATHOD		
2166000497466	DEVENDRA SINGH	FINCARE SMALL FINANCE BANK LTD., GROUND FLOOR, SHOP NO-2 & 3, A-235, GURU JEMBESHWAR NAGAR, GANDHIPATH, QUEENS ROAD, JAIPUR, RJ, 302021	20-07-2022
2166000555808			
2166000567275	MR. GAJRAJ SINGH	FINCARE SMALL FINANCE BANK LTD., 1ST FLOOR, SHOP NO.10 TO 12, ASHIRWAD SHOPPING CENTER, DUNGARPUR ROAD, NEAR AMBA MATA MANDIR COLLEGE, BANSWARA, RJ, 327001	20-07-2022
2166000572975	MAVAJI DINDOR		
2166000622742	BHARAT NINAMA		
2166000561286	POORAN MAL HARIJAN	FINCARE SMALL FINANCE BANK LTD., A/23, BAPU NAGAR, ROAD NO.13, SETHI, NEAR SBI BANK, CHITTAURGARH, RJ, 312001	20-07-2022
2166000591359	MR. RAJ KUMAR JAT		
2166000606883	SANTOSH		
2166000524287	ZUBER KHAN	FINCARE SMALL FINANCE BANK LTD., GROUND FLOOR, NEAR DR. HONNY GUPTA NURSING HOME, OPP. HP PETROLPUMP, STATION ROAD, KOTA, RJ, 324001	20-07-2022
2166000546185	SURESHCHANDJAIN		
2166000559911	MR. RADHEY SHYAM		
2166000561846	ZUBER KHAN		
2166000594313	NARENDRA		
2166000599104	MR. KAYYUM		
2166000615656	BHANWAR SINGH		
2166000623081	SUNIL KUMAR		

Note: The auction is subject to certain terms and conditions mentioned in the bid form, which is made available before the commencement of auction.

नए पेंशन प्रकरण ऑनलाइन भरने के निर्देश

उदयपुर, (कासं)। पेंशन विभाग द्वारा समस्त विभागों को निर्देश दिए गए हैं कि विभागीय कार्मिकों के नवीन पेंशन प्रकरण ऑनलाइन की प्रस्तुत किए जाएं। विभाग की अतिरिक्त निदेशक भारती राज ने बताया कि विभागों को कहा गया है कि 1 जुलाई के बाद से पारिवारिक व संशोधित पेंशन प्रकरणों के अलावा समस्त नवीन पेंशन प्रकरण ऑनलाइन प्रस्तुत किए जाएंगे और उनका निस्तारण भी ऑनलाइन ही किया जाएगा। पेंशन एवं पेंशनर्स कल्याण विभाग की अतिरिक्त निदेशक भारती राज के निर्देशन में उदयपुर पेंशन कार्यालय प्रकरणों का त्वरित निस्तारण कर रहा है। भारती राज ने बताया कि पिछले सप्ताह तक कार्यालय में कुल 248 नवीन पेंशन प्रकरण प्राप्त हुए थे। इन समस्त प्राप्त पेंशन प्रकरणों का निस्तारण करते हुए लंबित पेंशन प्रकरण की संख्या शून्य कर दी है। इस वर्ष जनवरी से पिछले सप्ताह तक प्रत्येक सप्ताह के अंतिम कार्य दिवस को नवीन पेंशन प्रकरणों की पेंडिंग संख्या शून्य रही, जो एक रिकॉर्ड है।

उत्कृष्ट सेवाओं के लिए प्रो. अनिता शुक्ला का सम्मान किया

उदयपुर, (कासं)। जनार्दनराय नागर राजस्थान विद्यापीठ डीम्ड टू बी विश्वविद्यालय के संघटक प्रबंधन अध्ययन संस्थान की निदेशक प्रो. अनिता शुक्ला को उत्कृष्ट सेवा के लिए कुलपति कर्नल प्रो. एस.एस. सारंगदेवोत, प्रो. सुमन पामेचा, डॉ. अनिरूद्ध वाजपेयी, प्रो. एस.एस. चौधरी, डॉ. कला मुणेत, डॉ. अजय शुक्ला ने उपरणा, बुके, स्मृति चिह्न, प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। प्रो. सारंगदेवोत ने कहा कि संस्थापक जनुभाई कहा करते थे सौ पेड लगाना आसान है, लेकिन एक कार्यकर्ता तैयार करना बहुत मुश्किल है। वे संस्था में कार्य करने वाले व्यक्ति को कर्मचारी नहीं, कार्यकर्ता मानते थे। संस्था का कार्यकर्ता संस्था की पुंजी है। 1937 में स्थापित एक छोटे से वृक्ष ने आज विशाल वट वृक्ष का रूप ले लिया है। समर्पित एवं निष्ठावान कार्यकर्ताओं की बदौलत संस्था आज इस मुकाम पर पहुंची।

इस अवसर पर प्रो. मंजू मांडोत, प्रो. जीवन सिंह खरकवाल, डॉ. अवनीश नागर, डॉ. पारस जैन, डॉ. लाला राम जाट, डॉ. हीना खान, डॉ. निरू राठौड़, डॉ. शिल्पा कंठालिया, भगवती लाल सोनी, डॉ. भारत सिंह देवडा, डॉ. तरूण श्रीमाली, डॉ. कुल शेखर व्यास, डॉ. मधु मुर्डिया, डॉ. दिनेश श्रीमाली, रतन डांगी, हर्ष दाधीच, डॉ.. नजमुद्दीन, डॉ. तरूण श्रीमाली, डॉ. सुनील चौधरी, चितरंजन नागदा, डॉ. नवीन दीक्षित, डॉ. विनीत जैन, डॉ. विवेक शर्मा, डॉ. प्रेरणा भाटी, डॉ. उषा चौहान, निजी सचिव कृष्णकांत कुमातव, जितेन्द्र सिंह चौहान, उमराव सिंह राणावत, जोध सिंह सहित कार्यकर्ताओं ने प्रो. शुक्ला का माला, उपरणा ओढा कर सम्मान किया।

जनार्दनराय नागर राज. विद्यापीठ विवि के संघटक प्रबंधन अध्ययन संस्थान की निदेशक प्रो. अनिता शुक्ला को सम्मानित किया।

हमसफर साप्ताहिक रेलसेवा का पुनः संचालन

उदयपुर। प्रत्येक सोमवार को उदयपुर से चलने वाली उदयपुर सिटी-मैसूरू-उदयपुर सिटी हमसफर साप्ताहिक रेलसेवा का पुनः संचालन किया जा रहा है।

उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी कैप्टन शशि किरण के अनुसार गाडी संख्या 19667, उदयपुर सिटी-मैसूरू हमसफर साप्ताहिक रेलसेवा 11 जुलाई प्रत्येक सोमवार को उदयपुर सिटी से 21.15 बजे रवाना होकर बुधवार को 16.25 बजे मैसूरू पहुँचेगी। इसी प्रकार गाडी संख्या 19668, मैसूरू-उदयपुर सिटी हमसफर साप्ताहिक रेलसेवा 14 जुलाई से प्रत्येक गुरूवार को मैसूरू से 1० बजे रवाना होकर शनिवार को ०3.35 बजे उदयपुर सिटी पहुँचेगी। यह ट्रेन चित्तौडगढ, मंदसौर, रतलाम, वडोदरा, सूरत, वसई रोड, पुणे, मिराज जं., बेलगावि, हुबली, दावणगेरे, बैगलूरू व मंड्या स्टेशनों पर ठहराव करेगी।

राजस्थान-सरकार

कार्यालय सहायक निदेशक महिला अधिकारिता विभाग चित्तौड़गढ़

क्रमांकः- 553 दिनांकः 8.7.2022

ई-निविदा आमंत्रण सूचना 01/2022-23

जिला मुख्यालय पर इन्दिरा महिला शक्ति केन्द्र की स्थापना करने हेतु केन्द्र संचालन के लिए मानव संचालन उपलब्ध कराने हेतु राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शिता अधिनियम 2012 एवं नियम 2013 में विहित नियमों एवं वित विभाग के परिपत्र 1/2018 दिनांक 30.04.2018 एवं 3/2018 दिनांक 11.07.2018 के प्रावधानों के अन्तर्गत इच्छुक संवेदकों से तकनीकी एवं वित्तीय निविदा ऑनलाईन दिनांक 22.07.2022 को सांय 6.00 बजे तक आमन्त्रित की जाती है। बोली संबंधित निविदा प्रपत्र, पात्रता की शर्ते व अन्य विवरण राज्य उपापन पोर्टल http:/sppp.rajasthan.gov.in एवं ई-प्रोक्योरमेन्ट वेबसाईट www.eproc.rajasthan.nic.in] विभागीय वेबसाईट पर www.wcd.rajasthan.gov.in देखे व डाउनलोड किये जा सकते है।

NIB CODE - WMP2223A0050
UBN NO. - WMP2223SLOB00056

(राकेश कुमार तंवर)
सहायक निदेशक
महिला अधिकारिता विभाग, चित्तौड़गढ़

नाम परिवर्तन

मैं सोहन गिरी पुत्र प्रेम गिरी शहरेमंगरी, नाथद्वारा राजसमंद का हूं मेरा पासपोर्ट 02331177 में SOHAN GEERI GOSVAMI है जबकि आधार में मेरा SOHAN GIRI है जो सही है मेरे पासपोर्ट में SOHAN GEERI GOSVAMI के स्थान पर भविष्य मैं मुझे SOHAN GIRI के नाम से जाना पहचाना जावे।

खोया-पाया

आज दिनांक 6.7.22 को जो मेरा आवंटन संख्या! U.I.T./TRANSPORT/SALE/96-97/3219 जो जारी हुआ था दिनांक 27.1.97 का मुल आवंटन कही गुम या गीरा है। जीस का प्लोट संख्या ब्लॉक A-95 है। T.R.N. बलीचा गोर्धन वीलास उदयपुर में है। जीस किसी को मिले तो भविष्य में इसका दुरूपयोग न कर सके।

मेरा पता: Mohammed Ashfaq S/O Mohammed Rashid, 48 Dholi Bawdi, Udaipur

आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राज्य स्तरीय पर्यावरण प्रभाव आंकलन मूल्यांकन प्राधिकरण, राजस्थान के पत्र क्रमांक:- F1/[4] SEIAA/SEAC-Raj/Sectt/Project/Cat.1(a) B1 (18258/19933)/2021-22 जयपुर दिनांक 04/04/2022 के अनुसार श्री डूंगरलाल परमार पुत्र श्री हुराजी परमार पता- गॉव हडमातिया, पो. पालमांडव, हडमातिया जिला डूंगरपुर (राज.) के पक्ष में निकट ग्राम-जलोदिया खुर्द, तहसील छोटी सादडी व जिला- प्रतापगढ़ (राज.) में स्थित खनिज रेड ऑकर वास्ते एम.एल.नं.44/2018, खसरा नं.79, 80 व 81 कि उत्पादन क्षमता 1,06,109 TPA क्षेत्रफल 1.9924 हैक्टर में खनन हेतु पर्यावरण स्वीकृति जारी की गई है। पर्यावरण स्वीकृति की प्रति SEIAA, Jaipur राजस्थान तथा प्रदूषण नियंत्रण मण्डल कार्यालय में जनसाधारण के लिये उपलब्ध है एवं बोर्ड की वेबसाईट www.rspcb.nic.in पर देखी जा सकती है।

डूंगरलाल परमार

कार्यालय ग्राम पंचायत खेमारु पंचायत समिति डूंगरपुर राज.

क्रमांक प.स./ई-निविदा/2022/28 दिनांकः 07.07.2022

ई-निविदा सूचना संख्या- 02/2022-23

ग्राम पंचायत खेमारु पंचायत समिति डूंगरपुर के लिए महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के एवं ग्रामीण विकास विभाग की योजनाओं एवम् अन्य योजनाओं के निर्माण कार्यो हेतु निर्माण सामग्री एवं उपकरण की आपुर्ति हेतु अनुमानित राशि 50 लाख रूपये हेतु वित्तिय वर्ष 2022-23 के लिए दर-संविदा अन्तर्गत वाणिज्यक कर विभाग में पंजीकृत फर्मो (जिसके पास GST रजिस्ट्रेशन) से ई-निविदा प्रणाली के अन्तर्गत निविदाये आमंत्रित की जाती है। निविदा से संबंधित विवरण इंटरनेट साईट पर उपलब्ध है।

निविदा आवेदन विक्रय/डाउनलोड/अपलोड करने की दिनांक व समय	08.07.2022 प्रातः 10:00 बजे से 18.07.2022 सायं 6:00 बजे तक।
निविदा शुल्क प्रोंसेगिक शुल्क एवं धरोहर राशि जमा कराने की दिनांक व समय	19.07.2022 को कार्यालय समय से दोपहर 12:00 बजे तक ग्राम पंचायत कार्यालय में जमा करवा सकते है।
निविदा खोलने की दिनांक	19.07.2022 दोपहर 1.00 बजे से निविदा खुलने तक

निविदा में सम्पादित करवाये जाने वाले कार्यों की राशि एवं अन्य विस्तृत विवरण ग्राम पंचायत कार्यालय समय में एवं (www.eproc.rajasthan.gov.in) एवं राज्य लोक उपापन पोर्टल (www.sppp.rajasthan.gov.in) पर उपलब्ध है।

N.I.B NO. ZDU2223A0049
U.B.N. NO. ZDU2223GLOB00138

ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत खेमारु

सरपंच
ग्राम पंचायत खेमारु
पं.स. डूंगरपुर (राज.)

सार-समाचार

वृक्षारौपण अभियान की शुरुआत

उदयपुर, (कासं)। आजादी का अमृत महोत्सव व हरियाली सप्ताह के अवसर पर माछला मगरा में बनने वाले नगर वन में शहतूत, कल्पवृक्ष, बड, पीपल, जामुन, चन्दन, गूंदी, बहेडा, महुआ, सागवान, आम, कचनार, अमलतास, भद्राक्ष इत्यादि के 75 पौधे रोप कर सांकेतिक वृक्षारोपण की शुरुआत की गई। नगर वन उदयपुर शहर माछला मगरा वन क्षेत्र के 4० हैक्टेयर क्षेत्र में इस वर्ष विकसित किया जाएगा। इस 40 हेक्टेयर क्षेत्र में नेचुरल ट्रैल्स, बैठने के स्थान, चिल्ड्रन पार्क, पीने के पानी व शौचालय की सुविधा, जल एवं मृदा संरक्षण कार्य, लुप्तप्राय प्रजाति के पौधे, मेडिसिनल प्लांट्स आदि विकसित किये जाएंगे। माछला मगरा वन क्षेत्र में सघन प्राकृतिक वनस्पति विद्यमान है। पर्यटक नेचुरल ट्रेल्स में पैदल चलकर प्रकृति का आनंद महसूस कर इसके नजदीक होने का एहसास करेंगे। यह क्षेत्र उदयपुर से 4 किमी की दूरी पर नजदीक होने से उदयपुर वासियों तथा पर्यटकों के आकर्षण का केन्द्र होगा। इस कार्यक्रम को पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय राष्ट्रीय वनीकरण व पारिस्थितिकी विकास बोर्ड, नई दिल्ली द्वारा आयोजित राष्ट्रीय स्तर की वीडियों कॉन्फ्रेंसिंग (सभी 75 नगर वन कार्यस्थलों व 75 वृक्षारोपण साईट्स से जोडकर) से लाईव जोडा गया। इस अवसर पर उदयपुर ग्रामीण विधायक फूलसिंह मीणा, सीसीएफ आरके सिंह, वन संरक्षक आरके जैन, डीसीएफ मुकेश सैनी, डीके तिवारी, एसीएफ कन्हैयालाल शर्मा व सुशील सैनी, क्षेत्रीय वन अधिकारी विजेन्द्र सिसोदिया, रिटायर्ड डीसीएफ वीएस राणा, सुहैल मजबुर, पीएस चुण्डावत, पर्यावरणविद् डॉ. सतीश शर्मा, जीपी सक्सेना, अरुण सोनी सहित वनकर्मियों व वन सुरक्षा एवं प्रबन्ध समितियों के सदस्य आदि ने पौधारोपण किया।

सिलाई प्रशिक्षण केन्द्र का उद्घाटन

उदयपुर, (कासं)। भारत सरकार द्वारा नेशनल एक्शन प्लान फॉर सीनियर सिटीजन हेतु वृद्धाश्रम रहवासी कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम के अन्तर्गत सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के अन्तर्गत हिरण मगरी सेक्टर 14 में तारा संस्थान द्वारा संचालित कृष्णा शर्मा आनन्द वृद्धाश्रम में वृद्धों के लिए सिलाई प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण केन्द्र का उद्घाटन सामाजिक न्याय अधिकारिता विभाग के उप निदेशक मान्धाता सिंह राणावत ने किया। मुख्य अतिथि के रूप में अहमदाबाद के समाज सेवी अनिरुद्ध सिंह जडेजा उपस्थित थे। मान्धाता सिंह ने कहा कि जहाँ-जहाँ भी इस प्रकार के सेवा संस्थान चल रहे हैं उन सब में सबसे अच्छा संस्थान ये है। भारत सरकार के कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम के अन्तर्गत वृद्धजनों के लिए विभिन्न विधाओं में ट्रेनिंग प्रोग्राम का आयोजन किया जा रहा हैजिससे वृद्धजन इसमें ट्रेनिंग लेकर अपनी दैनिक दिनचर्या में वृद्धि कर सकते हैं तथा ट्रेनिंग लेकर अपना व्यवसाय भी कर सकते हैं। आप सभी लोगों से मिलकर मुझे बहुत प्रसन्नता है, आप सदैव प्रसन्न एवं खुश रहें यही मेरी कामना है।

बोहरा समुदाय की ईद आज

उदयपुर, (कासं)। इस्लमी कैलेंडर के आखिरी माह की दसवीं तारीख को मनाया जाने वाला ईदुल अजहा का त्यौहार बोहरा समुदाय शनिवार को मनाएंगे वहीं मुस्लिम समुदाय द्वारा यह त्यौहार रविवार को मनाया जाएगा। सुधारवादी बोहरा समुदाय से संबद्ध दाऊदी बोहरा जमात के प्रवक्ता मंसूर अली ओड़ावाला ने बताया कि शनिवार ईदुल अजहा की विशेष नमाज रसूलपुरा मस्जिद, वजीहपुरा मस्जिद, मोहियदपुरा मस्जिद, खानपुरा मस्जिद (छोटी बोहरवाड़ी), चमनपुरा, खारोल कॉलोनी एवं पुला स्थित हाल में अदा की जाएगी।

संस्था प्रधानों की सत्रारंभ बैठक

उदयपुर, (कासं)। समग्र शिक्षा उदयपुर द्वारा जिले में संचालित कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय के नोडल संस्था प्रधानों की एक दिवसीय सत्रारंभ बैठक शुक्रवार को एडीपीसी कार्यालय में मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी पुष्पेंद्र कुमार शर्मा की अध्यक्षता में संपन्न हुई।

भाजपा ग्रामीण मंडल डूंगरपुर कार्यसमिति की बैठक सम्पन्न

डूंगरपुर, (निसं)। भाजपा ग्रामीण मंडल डूंगरपुर कार्यसमिति की बैठक शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी कार्यालय में प्रदेश महामंत्री सुशील कटारा के मुख्य आतिथ्य, जिलाध्यक्ष प्रभु पंड्या, पूर्व जिलाध्यक्ष गुरुप्रसाद पटेल, जिला महामंत्री धनपाल जैन, जिला उपाध्यक्ष व संयोजक शांतिलाल पंड्या, पूर्व जिला प्रमुख माधवलाल वरहात, मीडिया संयोजक किरणेश्वर चौबीसा, सरपंच बद्रीलाल मीणा, पंचायत समिति सदस्य संगीता बरंडा के विशिष्ट आतिथ्य एवं मण्डल अध्यक्ष ईश्वरसिंह चौहान की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई।

बैठक के प्रारंभ में मण्डल अध्यक्ष ने मंचासीन अतिथियों का उर्पणा ओढाकर स्वागत किया एवं मण्डल के द्वारा अब तक हुए कार्य की विस्तृत जानकारी प्रदान की। प्रदेश महामंत्री सुशील कटारा ने केन्द्र की मोदी सरकार की योजनाओं को हमे धरातल पर पहुँचनी होगी आज देश के हर गाँव-ढाणी पर बिजली की सुविधा उपलब्ध कराई है, आज हर घर मे गैस सिलेंडर उपलब्ध कराई, हर घर नल जल योजना का लाभ भी हमे आमजन तक उपलब्ध कराना होगा। जिलाध्यक्ष प्रभु पंडया ने कहा कि कार्यकर्ताओं से आग्रह है कि अपने अपने बूथों को मजबूत करे प्रदेश संगठन से जो भी कार्य दिये जाते है उसे समय रहते पूरा करे।

बैठक में पूर्व जिलाध्यक्ष गुरुप्रसाद पटेल, पूर्व जिला प्रमुख माधवलाल वरहात, शान्तिलाल पंडया, महामंत्री धनपाल जैन ने भी अपने विचार रखे।

आयोजित बैठक में राजनीतिक प्रस्ताव महेश पाटीदार ने रखा कार्यक्रम में बूथ समिति का फोटोयुक्त गठन व संगठन को मजबूती प्रदान करने पर चर्चा हुई बैठक में पंचायत समिति सदस्य संगीता बरंडा, अंबालाल लबाना, फूलचंद जाकोल, बद्रीभाई कटारा, कारीलाल पंचाल, प्यारचन्द लबाना, हेमचंद परमार, प्रेमशंकर पटेल, जीवतराम बरजोड, हरिलाल खराडी, राकेश जैन, जितेंद्र चौबीसा,मंडल के पदाधिकारी, शक्ति केंद्र संयोजक व प्रभारी, बूथअध्यक्ष और वरिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थिति उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन महेश पाटीदार एवं आभार रामलाल गरासिया ने ज्ञापित किया।

फेसबुक पेज से हटवाया वीडियो

उदयपुर। सोशल मीडिया पर सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने वाला वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने तत्परता से काम करते हुए उस वीडियो को फेसबुक पेज से हटवा दिया है। जिससे शहर में सांप्रदायिक सौहार्द व शांति व्यवस्था बनी रही। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म फेसबुक पर एक व्यक्ति द्वारा जिला उदयपुर में हुए कन्हैयालाल हत्याकाण्ड के मामले का महिमा मण्डन करने वाला वीडियो फेसबुक पर पोस्ट किया गया। जिसका विभिन्न लोगों द्वारा सोशल मीडिया पर समर्थन किया जा रहा था। जिससें साम्प्रदायिक सौहार्द व आपसी भाईचारा बिगडने की पूर्ण संभावना थी। मामले की गम्भीरता को देखते हुये उदयपुर एसपी विकास शर्मा द्वारा फेसबुक को साम्प्रदायिक सौहार्द बिगाडने वाले वीडियो को सम्बन्धित फेसबुक पेज से हटाने हेतु लिखा गया व वीडियो को सम्बन्धित पेज से तुरन्त प्रभाव से हटवाया गया।

कार्यालय नगर निगम, उदयपुर
टाउनहॉल लिंक रोड, उदयपुर (राज.) 313001 दूरभाष सं.0294-2421255, 2420013,
Helpline no- 0294-2426262, वेबसाइट- www.mcudaipur.org.com

क्रमांक:-69-क/2022-23/4867 **आम-सूचना** दिनांक:-8-7-22

श्री हेमेन्द्र पुजारी पिता श्री श्यामसुन्दर पुजारी, निवासी 38, लालघाट, उदयपुर ने वर्णित भूमि के अपने अधिकार आवासीय/वाणिज्यिक/ मिश्रित के प्रयोजन के लिए ऐसी भूमि के उपयोग के लिए पूर्ण स्वामित्व पट्टा अधिकार प्राप्त करने के लिए नगर निगम के पक्ष में अभ्यर्पित कर दिये है।

जिले सहित नगर का नाम	वार्ड/कॉलोनी/गली का नाम	पड़ौस द्वारा सीमाबद्ध भू-खण्ड संख्या	उत्तर दिशा दर्शित करते हुए लंबाई और चौड़ाई सहित क्षेत्र (मीटर में)
उदयपुर	38, लालघाट, उदयपुर	पूर्व- रोड़ पश्चिम- चौक उत्तर- हेमेन्त सोनी का मकान दक्षिण- सुलेमान खान का मकान	2039.48 वर्गफीट

इसलिए इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है। यदि किसी व्यक्ति के पास राजस्थान नगर पालिका अधिनियम, 2009 की धारा 69-क के अधीन पूर्ण स्वामित्व पट्टा अधिकार अभिप्राप्त करने के लिए नगर पालिका के पक्ष में आवेदक द्वारा भूमि में के अधिकार अभ्यर्पण करने की अनुज्ञा की मंजुरी के सम्बन्ध में कोई आक्षेप है तो वह यह नोटिस के प्रकाशन के सात दिन के भीतर किसी भी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजो के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा। उपर्युक्त नियम समय के भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जावेगा की किसी व्यक्ति को कोई आक्षेप नहीं है और मामले का तदनुसार निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज दिनांक .... को जारी की गई।

आयुक्त, नगर निगम उदयपुर

कार्यालय नगर निगम, उदयपुर
टाउनहॉल लिंक रोड, उदयपुर (राज.) 313001 दूरभाष सं.0294-2421255, 2420013,
Helpline no- 0294-2426262, वेबसाइट- www.mcudaipur.org.com

क्रमांक:-69-क/2022-23/4122 **आम-सूचना** दिनांक:-8-7-22

श्री महावीर जैन पिता श्री नन्दलाल जैन, निवासी 3, भट्टवाड़ी, अम्बामाता मन्दिर क पीछे, उदयपुर ने वर्णित भूमि के अपने अधिकार आवासीय/वाणिज्यिक/ मिश्रित के प्रयोजन के लिए ऐसी भूमि के उपयोग के लिए पूर्ण स्वामित्व पट्टा अधिकार प्राप्त करने के लिए नगर निगम के पक्ष में अभ्यर्पित कर दिये है।

जिले सहित नगर का नाम	वार्ड/कॉलोनी/गली का नाम	पड़ौस द्वारा सीमाबद्ध भू-खण्ड संख्या	उत्तर दिशा दर्शित करते हुए लंबाई और चौड़ाई सहित क्षेत्र (मीटर में)
उदयपुर	3, भट्टवाड़ी, अम्बामाता मन्दिर क पीछे, उदयपुर	पूर्व- शेखर सुखवाल का मकान पश्चिम- रोड़ 30 फीट उत्तर- गोपाल सुखवाल का मकान दक्षिण- रोड़ 20 फीट	2800 वर्गफीट

इसलिए इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है। यदि किसी व्यक्ति के पास राजस्थान नगर पालिका अधिनियम, 2009 की धारा 69-क के अधीन पूर्ण स्वामित्व पट्टा अधिकार अभिप्राप्त करने के लिए नगर पालिका के पक्ष में आवेदक द्वारा भूमि में के अधिकार अभ्यर्पण करने की अनुज्ञा की मंजुरी के सम्बन्ध में कोई आक्षेप है तो वह यह नोटिस के प्रकाशन के सात दिन के भीतर किसी भी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजो के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा। उपर्युक्त नियम समय के भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जावेगा की किसी व्यक्ति को कोई आक्षेप नहीं है और मामले का तदनुसार निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज दिनांक .... को जारी की गई।

आयुक्त, नगर निगम उदयपुर

कार्यालय नगर विकास प्रन्यास, उदयपुर (राज.)

क्रमांकः F.11 ( ) Regin-III/2022/1864 Date: 07.07.22

आम-सूचना

निम्नानुसार आवेदकों द्वारा सारणी में वर्णित राजस्व ग्राम एवं खसरा नम्बर की भूमि का आवंटन/नियमन हेतु प्रशासन शहरों के संग के तहत आवेदन प्रस्तुत किये गये है जिसका विवरण निम्नानुसार है :-

क्र. सं.	राजस्व ग्राम	खसरा नम्बर	भूखण्ड संख्या	क्षेत्रफल (वर्गफिट)	आवेदक का नाम/पिता का नाम
1.	एकलिंगपुरा	1833 से 1836, 1839, 1841	34	1510	श्रीमती पुष्पादेवी पत्नी श्री गोपाल कृष्ण सुथार
2.	देवाली (गोवर्धन विलास)	570 से 579, 584, 585	7	1410	श्री राकेशचन्द्र पिता श्री लक्ष्मण हीरात (भील)
3.			6	1410	श्री राकेशचन्द्र पिता श्री लक्ष्मण हीरात (भील)

अतः उपरोक्तानुसार आवेदित भूखण्डों का आवंटन/पट्टा आवेदक के नाम करने के सम्बन्ध में किसी को कोई आपत्ति/ऐतराज हो तो इस सूचना प्रकाशन के 7 दिवस में प्रस्तुत करें अन्यथा बाद मियाद गुजरने नियमानुसार अग्रिम कार्यवाही अमल में लायी जावेगी।

(सुरेश कुमार खटीक)
प्राधिकृत अधिकारी
नगर विकास प्रन्यास, उदयपुर